दिनांक 23.02.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Construction of Block-cum-circle office building (G+2) at ASTHAWAN, Nalanda कार्य के तकनीकी बीड पर प्राप्त आपत्ति/परिवाद पर विचारार्थ विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-

उपस्थितिः-

1. **श्री कुमार रवि,** - अध्यक्ष
सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-
सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

3. **श्री ब्रजेश कुमार,** - सदस्य
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाहीः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | - | **Construction of Block-cum-circle office building (G+2) at ASTHAWAN, Nalanda** |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹16.621 करोड़ (ग्रामीण विकास विभाग, बिहार का ज्ञापांक 3556556 दिनांक 10.01.2025) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹13,14,20,079.00 (मुख्य अभियंता(नि0) के पत्रांक 866(नि0)अनु0 दिनांक 08.07.2025) |
| 4. | परिमाण विपत्र की राशि (विद्युत कार्य सहित) | - | ₹12,68,75,958.00 |
| 5. | निविदा आमंत्रण कि तिथि | - | 22.12.2025 |
| 6. | कार्य की अवधि | - | 12(बारह) माह |
| 7. | निविदा प्राप्त करने की प्रारंभ तिथि | - | 08.01.2026 |
| 8. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | - | 02.02.2026 |
| 9. | प्री-बीड की बैठक की तिथि एवं समय | - | दिनांक 19.01.2026 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 12.01.2026 को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना के कार्यालय कक्ष में। |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | - | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | टेन्डर आई0डी0 | - | 122173 |
| 12. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | - | **(I)** KUMAR ENTERPRISES & CO., FIRST FLOOR 560/A OPP. OF SIDHU KANHOO PARK, RANCHI COLLEGE ROAD, HATMA, JHARKHAND-834008 **(BCD CLASS-1 REG NO-05291220219 VALID UPTO:21.02.2029)** **(II)** AASHTA AND SAUMYA CONSTRUCTION AT+PO- BHAIRWAR, VIA- MIRZAPUR BANDWAR, BEGUSARAI-851129 **(RCD CLASS-1 REG NO.:1220015 VALID UPTO:05.05.2027)** **(III)** AWADHESH CONSTRUCTION, AP COLONY, GAYA, BIHAR-823001 **(BRPNNL CLASS-1 REG NO.:441/2021 VALID UPTO:22.06.2026)** **(IV)** SURENDRA PRASAD AND COMPANY ANANDPURA, PO:KADIRGUNJ, DIST: NAWADA-805104 **(BCD CLASS-1 REG NO.:1220042 VALID UPTO:22.05.2027)** |

13. <u>**तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-**</u>

<u>**विषयांकित कार्य के प्रथम निविदा की कार्यवाही:-**</u>

विषयांकित कार्य की प्रथमवार आमंत्रित निविदा को दिनांक 12.12.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में प्रथमवार आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदाकार **"रिस्पॉन्सिव"** पाये जाने के कारण पथ निर्माण विभाग, बिहार के अधिसूचना संख्या-3162(एस) दिनांक 09.05.2016 में निहित प्रावधान के आलोक में रद्द करने एवं शीघ्रताशीघ्र पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

<u>**वर्तमान में आमंत्रित निविदा की कार्यवाही:-**</u>

विषयांकित कार्य की द्वितीय निविदा में उपरोक्त चार निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। चारों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना के पत्रांक 258 अनु0 दिनांक 09.02.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है।

दिनांक-12.02.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय पर किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद हेतु दिनांक-19.02.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर कार्यवाही को रखा गया।

14. <u>**प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-**</u>

विषयांकित कार्य के आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर आपत्तिकर्ता निविदाकार M/S SURENDRA PRASAD & COMPANY के पत्रांक शून्य दिनांक 19.02.2026 द्वारा आपत्ति दर्ज की गयी, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य निम्नवत है:-

| प्राप्त आपत्ति की विवरणी | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य |
|---|---|
| आपत्तिकर्ता निविदाकार M/S SURENDRA PRASAD & COMPANY ने आपत्ति दर्ज की है कि विषयांकित कार्य के निविदा में निविदाकार AASHTA AND SAUMYA CONSTRUCTION द्वारा एक ही कार्य का दो अनुभव प्रमाण-पत्र प्रयोग किया जा रहा है। एक प्रमाण-पत्र में कार्य की राशि ₹7,39,95,190.40 मात्र अंकित है जबकि दूसरे में ₹7,83,22,254.04 मात्र अंकित है। कम राशि का अनुभव प्रमाण-पत्र संबंधित कार्यालय से सत्यापित भी है। इससे प्रमाणित होता है कि कि अधिक राशि का प्रमाण-पत्र संदेहास्पद है।<br><br>साथ ही यह प्रमाण पत्र Provision of Station Building से संबंधित है, | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया कि निविदाकार AASHTA AND SAUMYA CONSTRUCTION द्वारा Provision of new station building along with faced and Improved passenger amenities like toilet, waiting hall, retiring room etc for development of station with pf & circulating area for development of station under Amrit Bharat Station Scheme कार्य का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न किया गया है। इस अनुभव प्रमाण-पत्र में निर्गत तिथि 31.12.2025 एवं राशि ₹7,83,22,251.04 मात्र अंकित है। दिनांक 12.02.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में अनुभव प्रमाण-पत्रों के सत्यापन की प्रत्याशा में निविदाकार को उपरोक्त अनुभव प्रमाण-पत्र के आधार पर एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) & 4.5A(c) के निहित अर्हता में सफल घोषित किया गया।<br><br>आपत्तिकर्ता M/S SURENDRA PRASAD & COMPANY के आवेदन के साथ एक ही कार्य का दो अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न है जिसमें दिनांक 30.09.2025 को निर्गत प्रमाण-पत्र में राशि ₹7,39,95,190.40 मात्र एवं दिनांक 31.12.2025 को निर्गत प्रमाण पत्र में राशि ₹7,83,22,251.04 मात्र अंकित है। उप मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति यूनिट) पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के पत्रांक शून्य दिनांक 03.11.2025 द्वारा ₹7,39,95,190.40 मात्र के (दिनांक-30.09.2025 को निर्गत) अनुभव प्रमाण-पत्र का सत्यापन मुख्य अभियंता(दक्षिण) को प्राप्त है। निविदा में समर्पित अनुभव प्रमाण-पत्र जो दिनांक 31.12.2025 को निर्गत है, को सत्यापन हेतु ईमेल के माध्यम से |

| | |
|---|---|
| जबकि कार्य प्रखण्ड कार्यालय-सह-आवासीय भवन (जी+2) के निर्माण का है। स्टेशन निर्माण को RCC frame structure का निर्माण नहीं माना जाना चाहिए।<br>अतः श्रीमान से सादर अनुरोध है कि उक्त कार्य के अनुभव प्रमाण-पत्र को मूल्यांकन में अमान्य मानते हुए निविदाकार AASHTA AND SAUMYA CONSTRUCTION के तकनीकी बीड की पुनः समीक्षा करने की कृपा करें। | दिनांक 13.02.2026 को प्रेषित किया गया है एवं दिनांक 18.02.2026 को ईमेल द्वारा स्मारित किया गया है, परन्तु उक्त अनुभव का सत्यापन आदिनांक अप्राप्त है। इस प्रकार निविदाकार AASHTA AND SAUMYA CONSTRUCTION के द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण-पत्र के सत्य अथवा असत्य होने की सम्पुष्टि नहीं हो सकी है। अतएव तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने सर्वसम्मति से उक्त अनुभव प्रमाण-पत्र पर तकनीकी बीड के मूल्यांकन में विचार ना करने का निर्णय लिया। तदनुसार शेष अभिलेखों के आधार पर निविदाकार AASHTA AND SAUMYA CONSTRUCTION के तकनीकी बीड की पुनः समीक्षा की गयी एवं पाया गया कि निविदाकार द्वारा समर्पित किसी अन्य अभिलेख/अनुभव प्रमाण-पत्र से एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) में वांछित Single Similar Nature of Work Successfully completed-₹6,34,38,479.00 की अर्हता पूर्ण नहीं होती है।<br>अतएव निविदाकार AASHTA AND SAUMYA CONSTRUCTION के उक्त अनुभव प्रमाण-पत्र का सत्यापन अप्राप्त होने एवं शेष अभिलेखों से एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) की अर्हता पूर्ण ना होने के कारण इन्हें तकनीकी मूल्यांकन में <u>"नन-रिस्पॉन्सिव"</u> घोषित करने की अनुशंसा की गयी। |

**15. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-</u>**

सम्यक् विचारोपरान्त दिनांक-19.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदाकार M/S SURENDRA PRASAD & COMPANY से प्राप्त आपत्ति के आलोक में निविदाकार AASHTA AND SAUMYA CONSTRUCTION के अनुभव प्रमाण-पत्र का सत्यापन अप्राप्त होने एवं तकनीकी बीड के शेष अभिलेखों की पुनर्समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) की अर्हता पूर्ण ना होने के कारण निविदाकार **AASHTA AND SAUMYA CONSTRUCTION AT+PO- BHAIRWAR, VIA- MIRZAPUR BANDWAR, BEGUSARAI-851129 (RCD CLASS-1 REG NO.:1220015 VALID UPTO:05.05.2027)** को तकनीकी बीड में <u>"नन-रिस्पॉन्सिव"</u> घोषित करने तथा शेष सफल निविदाकार **AWADHESH CONSTRUCTION, AP COLONY, GAYA, BIHAR-823001 (BRPNNL CLASS-1 REG NO.:441/2021 VALID UPTO:22.06.2026) एवं SURENDRA PRASAD AND COMPANY ANANDPURA, PO:KADIRGUNJ, DIST: NAWADA-805104 (BCD CLASS-1 REG NO.:1220042 VALID UPTO:22.05.2027)** का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा के साथ सहमति हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

**16. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>**

Construction of Block-cum-circle office building (G+2) at ASTHAWAN, Nalanda कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर प्राप्त आपत्ति पर दिनांक 19.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23/2/26 | 23/02/2026 | 23.2.26 | |
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (ब्रजेश कुमार)<br>मुख्य अभियंता(पटना)<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भ0नि0वि0, पटना | (कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0प्राक0-01-16/2025-590(P) पटना, दिनांक- 24/02/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

BC 24/02/2026

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना